**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: The Speaker welcomed Honourable Members of Parliamentary delegation from the Assembly of the Republic of Mozambique led by President of the Assembly, Honourable Esperanca Bias

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, मोजाम्बिक गणराज्य की असेंबली की अध्यक्ष महामहिम एस्पे-रान्सा बियास के नेतृत्व में मोजाम्बिक के संसदीय शिष्टमंडल के माननीय सदस्यगण हमारे सम्मानित अतिथि के रूप में भारत की यात्रा पर आए हैं और अभी सदन के विशेष बॉक्स में बैठे हैं । मैं अपनी ओर से तथा सदन के सभी माननीय सदस्यों की ओर से शिष्टमंडल के विशिष्ट अतिथियों का हार्दिक स्वागत करता हूँ, अभिनन्दन करता हूँ ।

वे मंगलवार, 26 जुलाई, 2022 को भारत पहुंचे । दिल्ली में अपने संक्षिप्त प्रवास के बाद वे आगरा भ्रमण भी करेंगे और शनिवार, 30 जुलाई, 2022 को भारत से प्रस्थान करेंगे ।

हम भारत में उनके सुखद और सफल प्रवास की कामना करते हैं । उनके माध्यम से हम मोजाम्बिक गणराज्य की असेंबली, वहां की सरकार तथा वहां की जनता को मैत्रीपूर्ण संबंध के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं देते हैं, बधाई देते हैं ।

**माननीय अध्यक्ष :** आप सभी से अनुरोध है कि तालियाँ बजाकर उनका स्वागत कर दें ।

________